मध्यान्ह भोजन योजना
कार्यालय— जिलाधिकारी, बलरामपुर

पत्रांकः मिड–डे–मील / 671-77 /2014–15/ दिनांक 23.3/ 2015

सेवा में,

उप सचिव,

उ0प्र0 शासन– लखनऊ।

विषयः– **मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 के तृतीय त्रैमास में खाद्यान्न लागत के भुगतान हेतु प्राप्त अनुदान की धनराशि मु0: 6647606.00 रू0 में से मु0: 414647.00रू0 को समर्पित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सादर अवगत कराना है कि मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत जनपद को वर्ष 2014–15 के तृतीय हेतु भारतीय खाद्य निगम– गोंडा द्वारा आपूर्ति किये गये खाद्यान्न के भुगतान हेतु आपके शासनादेश संख्याः 2380/ 79–6–2014–1737/2010 दिनांक 23.01.2015 द्वारा मु0: 6647606.00 रू0 प्राप्त हुये थे। उक्त अनुदान धनराशि वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय व्ययक के अनुदान संख्या –71 के अधीन लेखा शीर्षक 2202– सामान्य शिक्षा – 01 प्रारम्भिक शिक्षा – आयोजनागत –112– विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन का राष्ट्रीय कार्यक्रम– 01– केन्द्रीय आयोजनागत/ केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें –0102 – खाद्यान्न तथा प्रबन्धन व्यय (के0 100/रा0के0) –20 –सहायता अनुदान– सामान्य (गैर वेतन) के अन्तर्गत प्राप्त हुयी है।

भारतीय खाद्य निगम– गोंडा द्वारा जनपद को वर्ष 2014–15 के तृतीय त्रैमास मे आपूर्ति किये गये खाद्यान्न के लागत का भुगतान करने के उपरान्त शासनादेश संख्याः 2380/ 79–6–2014–1737/2010 दिनांक 23.01.2015 द्वारा मु0. 414647.00 रू0 की धनराशि अवशेष बच रही हैं। इस धनराशि का उपभोग वित्तीय वर्ष 2014–15 में नहीं किया जा सकता है।

अतः उक्त धनराशि आपकी सेवा में सादर समर्पित है।

भवदीय
26/3/15

(प्रीति शुक्ला)
जिलाधिकारी
बलरामपुर।

पृ0सं0: मिड–डे–मील/ /2014–15/ दिनांक 2015

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. शिक्षा निदेशक, बेसिक– उ0प्र0 विद्या भवन निशातगंज– लखनऊ।
2. निदेशक, मध्याह्न भोजन प्राधिकरण उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार– उ0प्र0 इलाहाबाद।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी, बलरामपुर।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।
6. वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा)– बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
बलरामपुर।